# विदर्भ स्वाभिमान

www.vidarbhswabhiman.com

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे

9423426199/8855019189

❖ अमरावती, 16-22 अप्रैल 2026 ❖वर्ष :16 ❖अंक- 48 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य-4/-पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2025-2027❖डाक : शुक्रवार-शनिवार MAHHIN/2010/ 43881


## बाबूजी के आदर्श विचार



### जीवन की खुशियां

जीवन में पैसे के लिए कभी इतना नहीं गिरना चाहिए कि जो लोग हमें अच्छा मानते हैं, उनके साथ भी स्वार्थपूर्वक छल करना शुरू कर दें. पैसे खर्च हो जाएंगे लेकिन किसी के दिल में अगर गलत भावना बन जाएगी तो वह तुम्हारे मरने के बाद भी नहीं खत्म होगी. इससे मानव बनकर पैदा होने के बाद भी आप सदा बदनामी पाते रहेंगे. परमात्मा ईमानदारी से रहने पर भी सारी जरूरतें पूरी करते हैं, केवल हमारा विश्वास होना चाहिए.

# भीषण गर्मी का कहर,अमरावती सहित कई शहर

## देश में सबसे गर्म रहा अकोला, अमरावती रहा नंबर दो पर,दो दिन तड़केगा

**विदर्भ स्वाभिमान, 15 अप्रैल**

**नई दिल्ली-** बढ़ते तापमान, चिपचिपाहट वाली उमस और दिन की गर्म हवाओं ने राजधानी के लोगों को सताना शुरू कर दिया है. इसी बीच दिल्ली एनसीआर में 10 और 11 मार्च को भीषण गर्मी पड़ने की भी संभावना जताई गई है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार इन दो दिनों में अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. वहीं रात का तापमान भी करीब 20 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनमान है.




दिल्ली में मार्च के दूसरे सप्ताह की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. मौसम विभाग के ताजा पूर्वानमान के मुताबिक 10 और 11 मार्च को राजधानी में तापमान सामान्य से काफी ज्यादा रहेगा और दिन के समय तेज गर्मी महसूस होगी. दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को लू जैसी गर्मी का एहसास हो सकता है. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार मार्च में ही गर्मी कई पुराने रिकॉर्ड तोड़ सकती है और राजधानी में मौसम सामान्य से ज्यादा गर्म रहने वाला है.

**अमरावती भी तपेगा,सतर्क रहें**

मौसम विभाग के अनुसार अमरावती सहित राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर गर्मी कहर बरपाने वाली है. सभी को सतर्क किया गया है.अमरावती का गुरूवार का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक है और यह आगामी दिनों में 45 से 47 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है. रात का तापमान करीब 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है. चिखलदरा हिल स्टेशन में पहली बार गर्मी ने नागरिकों के साथ पर्यटका को त्रस्त किया है. यहां का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है.

पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली एनसीआर में करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं. सोमवार देर शाम अचानक आसमान में बादल भी छा गए थे और तेज हवाएं चली थीं, जिससे लोगों को लगा कि **शेष पेज 7 पर**

## प्रेम में धोखे ने बना दिया अयान को प्ले बॉय

**विदर्भ स्वाभिमान,15 अप्रैल**

**अमरावती-**अमरावती में सामने आए सेक्स अब्यूज और ब्लैकमेल मामले में आरोपी आयान अहमद को लेकर जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. पुलिस के मताबिक, आरोपी ने पूछताछ के दौरान बेहद सामान्य तरीके से कहा कि पहले ब्रेकअप के बाद वह 'प्लेबॉय' बन गया था.

जांच अधिकारियों का कहना है कि यह मामला मानसिक बीमारी से ज्यादा एक खास तरह की सोच और जीवनशैली से जुड़ा हुआ लगता है,आयान अहमद सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय था और उसकी लाइफस्टाइल का भी इस पूरे मामले में अहम रोल सामने आया है.पुलिस के अनुसार, आयान का मोबाइल फोन का अच्छा कारोबार था और वह इंस्टाग्राम पर पेड प्रमोशन के जरिए भी अच्छी कमाई करता था.उसके करीब 18 हजार फॉलोअर्स थे, जिससे उसकी सोशल मीडिया पर अच्छी पकड़ थी,इसके **शेष पेज 7 पर**










# विदर्भ स्वाभिमान

संपादकीय

## हैवानियत को शर्मसार करते हैं इस तरह के मामले

*नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के गंभीर मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए बुधवार रात चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इसके साथ ही कुल आरोपियों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है. मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम गठित की गई है, जबकि पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है.अमरावती जिले की जुड़वा नगरी की शान को शर्मसार करने वाले इस मामले में बिना किसी तरह की राजनीति किए गहन जांच करते हुए मामले में लिप्तसभी को दबोचने के साथ ही कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए. कितने हैरत की बात है कि नराधमों की हरकत ने पूरे देश में अमरावती जिले का नाम कलंकित किया है.*

*नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण, वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम, शेयरचैट और व्हाट्सऐप पर प्रसारित करने के मामले में बुधवार रात पुलिस ने 4 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है. सभी आरोपियों को 23 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है, जिससे इस मामले में कुल आरोपियों की संख्या 8 हो गई है. गिरफ्तार आरोपियों में मानव दीपक सगंधे, अहफाज खान, शेख नावेद और मोहम्मद इमरान शामिल हैं. इस सनसनीखेज मामले की जांच के लिए जिला पुलिस अधीक्षक ने विशेष जांच टीम का गठन किया है, जिसकी अगुवाई डॉ. शुभम कुमार कर रहे हैं. मुख्य आरोपी अयान को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और उसके बयान के आधार पर अन्य आरोपियों तक पहुंचा गया. बुधवार को पकड़े गए आरोपियों को कड़ी सुरक्षा में अचलपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन्होंने चेहरा ढंक रखा था. इस घटना के सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश है. व्यापारी संगठनों ने बाजार बंद रखकर विरोध जताया, वहीं महिला संगठनों ने पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की. विधायक प्रवीण तायडे ने भी मामले में हस्तक्षेप कर तत्काल कार्रवाई की मांग की. सभी स्तरों से आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है.*

*इस तरह के बढ़ते मामले कई सवाल भी पैदा कर रहे हैं. कानून का डर वैसे भी तेजी से खत्म होने के कारण अवैध धंधों के साथ ही भारतीय संस्कृति तथा संस्कारों को शर्मसार करने वाली घटनाएं एक के बाद एक सामने आ रही हैं. सवाल कानून पर ही नहीं छोड़ा जाता है, जब तक सामाजिक, पारिवारिक जागरूकता नहीं आएगी, आधुनिकता के नाम पर जब तक स्वच्छंदता पर अंकुश नहीं लगेगा तब तक इस तरह के हैवान युवतियों तथा महिलाओं के इज्जत के साथ खेलने का दुःस्साहस करते रहेंगे. सवाल यह है कि इस तरह के संगीन मामले के आरोपियों को तत्काल सजा देने की व्यवस्था भी होनी चाहिए. कई बार ऐसे मामले में जब आरोपी छूट जाता है तो बाकी का डर खत्म हो जाता है. इस मामले में पुलिस को चाहिए कि आरोपियों को कड़ी से कड़ी और जल्द से जल्द सजा सुनिश्चित करे ताकि भविष्य में इस तरह की हरकतें नहीं हों. इसके साथ ही आजकल पैसे की अंधी दौड़ ने परिवार प्रणाली को तबाह कर दिया है. सभी स्वच्छंदता वाला रवैया रखते हैं. अनुशासन, संस्कार भी गायब हो रहे हैं, ऐसे में परिवार में भी इन मूल्यों की स्थापना की जरूरत है.पुलिस पर ही धकेलने से मामला स्थायी रूप से हल नहीं हो सकता है. समाज पहल करे.*

# बेटियों को भी जिम्मेदार बनना होगा



विदर्भ स्वाभिमान

www.vidrabhswabhiman.com 9423426199

पहले की तुलना में बदलता समय बच्चियों के लिए काफी खतरनाक दिखाई दे रहा है. जिस तरह से अलग-अलग मामले सामने आ रहे हैं, कभी धर्म के नाम पर तो कभी कोचिंग के नाम पर तो कई बार विद्यालय तथा महाविद्यालयों में जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं, उसके चलते बेटियों को अत्याधिक सतर्कता के साथ रहना जरूरी हो गया है. जीवन में हर बात के लिए समय का अत्याधिक महत्व होता है. लेकिन दुर्भाग्य की आजकल संस्कारों के अभाव में समय का पालन नहीं होने, घर में अनुशासन का अभाव, पैसे की दौड़ में घर परिवार पर ध्यान नहीं रहने जैसे कारण बेटियों के लिए दिक्कत बन रहे हैं, इससे परतवाड़ा जैसे प्रकरण सामने आते हैं. वैसे भी हम भले तो जग भला वाली नीति हर व्यक्ति पर लागू होती है. अपने काम से काम रहने वाली प्रवृत्ति में चलने पर दिक्कत नहीं आती है.

महिलाओं तथा बेटियों की सुरक्षा जिस तरह से कुछ महीनों के दौरान तार-तार हो रही है, कभी अशोक खरात तो कभी परतवाड़ा जैसे नगर के मोहम्मद गयान जैसे नराधमों द्वारा जिस तरह से हैवानियत की जा रही है, उसके चलते अब वक्त आ गया है कि बेटियां को स्वयं की सुरक्षा के लिए सतर्कता के साथ ही समझदारी का परिचय स्वयं को ही देना होगा. कितने हैरत की बात है कि ऐसे बदमाशों द्वारा कोई भगवान



के नाम पर कोई सोशल मीडिया पर बदनामी के नाम पर ऐसी हरकतें करते हैं. इसके लिए बदलती परिवार, समाज तथा संस्कार व्यवस्था भी काफी हद तक जिम्मेदार है. यह कहना गलत नहीं होगा कि मोबाइल के बाद से इस तरह की खतरनाक स्थिति बनी है.

आज का समाज तेजी से बदल रहा है, लेकिन इसके साथ ही कई चुनौतियाँ भी सामने आ रही हैं, खासकर बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और मानसिक सशक्तिकरण को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं. ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि अब सच में बेटियों को संभालने का समय आ गया है.लेकिन संभालना का अर्थ उन्हें रोकना नहीं, बल्कि उन्हें मजबूत बनाना है.बेटियों को केवल सीमाओं में बांधकर सुरक्षित नहीं रखा जा सकता. उन्हें सही शिक्षा, आत्मविश्वास और अपने अधिकारों की समझ देना ज्यादा जरूरी है. आज जरूरत है कि परिवार बेटियों को आत्मरक्षा, डिजिटल सुरक्षा और सही-गलत की पहचान सिखाए.समाज को भी अपनी सोच बदलनी होगी. बेटियों पर रोक लगाने के बजाय बेटों को संस्कार देना, महिलाओं के प्रति सम्मान सिखाना और सुरक्षित वातावरण तैयार करना समय की मांग है. जब तक समाज की मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक केवल नियम-कानून काफी नहीं होंगे.माता-पिता को चाहिए कि वे बेटियों से संवाद बनाए रखें, उनकी समस्याओं को समझें और हर कदम पर उनका साथ दें. डर के बजाय विश्वास का माहौल बनाना ही असली सुरक्षा है.आज की बेटी कमजोर नहीं, बल्कि सक्षम है. जरूरत है उसे सही दिशा, समर्थन और सुरक्षा देने की. तभी वह न सिर्फ खुद सुरक्षित रहेगी, बल्कि समाज को भी मजबूत बनाएगी. कुछ बातें कड़वी होती हैं. बेटियां अगरपढ़ाई को जा रही हैं तो उनका भी दायित्व है कि वे बाकी बातों पर ध्यान नहीं दें. लेकिन आजकल इसके उल्टा होना भी चिंता वाली बात है.







# बहुआयामी, हरदिल अजीज व्यक्तित्व हैं एड. प्रशांत देशपांडे

***जन्मदिन पर विशेष** क़ानून से शिक्षा और राजनीतिक क्षेत्र में भी दिखा रहे हैं कमाल, लोकप्रियता में भी सबसे आगे*

अमरावती शहर का गौरवमयी इतिहास रहा है, यही कारण है कि कानून तथा समाजसेवा के क्षेत्र में कई ऐसे परिवार हैं, जिनका योगदान शहर में सदा रहा है, ऐसे ही परिवार में अंबापेठ निवासी और राजनीतिक, शैक्षिक,सेवाभावी उपक्रमों में देशपांडे परिवार का गौरवपूर्ण उल्लेख किया जाता है. भाजपा से करीबी संबंध रखने वाले विजयराव देशपांडे जहां दिग्गज कानूनविद थे, वहीं श्रीमती विद्याताई देशपांडे ने महापौर के रूप में बेहतरीन सेवाएं दी हैं. अंबादेवी संस्थान की अध्यक्ष सहित अनगिनत संगठनों में उन्होंने योगदान दिया है. माता-पिता के कदमों पर चलते हुए एड. प्रशांत देशपांडे ने आज हर क्षेत्र में आसमानी कामयाबी हासिल की. उनके जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. वे राजनीत के क्षेत्र में इसी तरह कामयाबी हासिल करें, मां अंबा के चरणों में यही कामना करते हैं. ऊंचाई पर होने के बाद भी उनकी विनम्रता, लोगों की मदद का रवैया उन्हें शहर ही नहीं जिले में अपार लोकप्रियता प्रदान करता है. भाजपा के स्वीकृत नगर सेवक के रूप में महानगर पालिका में भी धमाकेदार एंट्री हुई है, निश्चित तौर पर यह शहर के लिए शुभ संकेत है.

आदर्श वकील और आदर्श नेता के रूप में वे जहां समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, वहीं युवा कार्यकर्ताओं में अपार लोकप्रियता प्राप्त है. वे न्यायप्रिय, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और जनसेवा की भावना से ओतप्रोत रहने के कारण लोगों का अपार प्रेम उन्हें होता है. एक आदर्श वकील केवल मुकदमे लड़ने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सत्य और न्याय की रक्षा को अपना धर्म मानता है. एड. देशपांडे इसी सिद्धांत पर चलते हैं और गरीब, पीड़ित और जरूरतमंद लोगों को उचित मार्गदर्शन देकर समाज में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत करने में सदा आगे रहते हैं.वहीं एक आदर्श नेता के रूप में जनता की समस्याओं को अपनी समस्या मानकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं. स्वीकृत पार्षद के रूप में मनपा में भी असर दिखा रहे हैं. वह जाति, धर्म और स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के हर वर्ग के हित में कार्य करते है. उनके व्यक्तित्व में विनम्रता, दूरदर्शिता, साहस और निर्णय क्षमता का अद्भुत संगम रहने के कारण वे ऊंचाईयां हासिल कर रहे हैं.जब कोई व्यक्ति वकील के रूप में न्याय का प्रहरी और नेता के रूप में जनसेवक बनता है, तब उसका व्यक्तित्व समाज में नई चेतना जगाता है. उन्हें शहर के भावी विधायक के रूप में देखा जा रहा है. उन्हें जन्मदिन पर मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं.

**विदर्भ स्वाभिमान डेस्क.**

विदर्भ स्वाभिमान

यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक-सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbhaswabhiman@gmail.com.www.vidrabhswabhiman.com,rni. no MAHHIN/2010/ 43881

# धन्वंतरी संस्था के चुनाव को लेकर गोपनीयता,सदस्यों में नाराजी

## सदस्यों को नहीं दी गई चनाव की जानकारी

**अमरावती**-अप्रैल-शहर के मध्य में स्थित विशेष कर स्वास्थ्य सेवा के लिए पहचानी जाने वाली धन्वंतरी संस्था के चुनाव को लेकर बरती गई गोपनीयता समझ से परे हैं. ऐसे में एक दूसरे को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने की नीति में संस्था के सदस्यों को ही चुनाव प्रक्रिया से दूर रखा गया है. जानकारी के अनुसार करीब साढ़े तीन हजार सदस्यों की संख्या रहने वाली इस संस्था में चुनाव को लेकर इतनी गोपनीयता क्यों? यह सवाल अब सदस्य उठा रहे हैं. गौरतलब रहे कि वर्तमान अध्यक्ष डॉ. उल्हास संगई द्वारा अपने पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद चुनाव प्रक्रिया को लेकर सहकारी संस्था को चुनाव को लेकर निवेदन दिया गया था. जिसके अंतर्गत यह चुनाव प्रक्रिया लो जा रही है. हालांकि नाम निर्देशित करने की तारीख ?? अप्रैल से ?? अप्रैल तक है. लेकिन अब तक किसी भी सदस्य को इस संदर्भ में लिखित जानकारी नहीं भेजी गई है. ऐसे में एक तरफ सोशल एवं इलेक्ट्रानिक गोडिया झपाटे से संचार का गाध्यम है. उसके बावजूद इतनी गोपनीयता चुनाव को लेकर क्यों बरती जा रही है. यह सवाल अब सामने आ रहा है. करोड़ों रुपयों की संपत्ति रहने वाली इस संस्था में पहले भी संस्था के नामांतरण को लेकर खेल खेला गया. यह सफल न होने पर व्यक्तिगत राजनीतिक लाभ के लिए यह चुनावी प्रक्रिया चोरी-छिपे किए जाने की बात कुछ पदाधिकारियों ने प्रेरणापुंज से कहीं है. केवल अस्पताल के दीवार पर एक कागजत चिपकाकर इस चुनाव की जानकारी प्रकाशित की गई है. यह चुनाव सार्वजनिक तौर पर सभी सदस्यों की जानकारी में हो, सदस्यों को मतदान का अधिकार मिले तथा सदस्यों द्वारा चुनी गई प्रक्रिया के तहत ही नई कार्यकारिणी का गठन हो इस संदर्भ में उपनिबंधक सहकारी संस्था को प्रयास करने होंगे. इस संदर्भ में चुनाव निर्णय अधिकारी को भी संज्ञान लेना होगा. अन्यथा करोड़ों की यह संस्था तथा हजारों लोगों को स्वास्थ्य सेवा देने वाली यह संस्था निजी लोगों के हाथों चली जाएगी.




## गर्मी के कारण मप्र के विद्यालयों का बदला समय

**विदर्भ स्वाभिमान,15 अप्रैल**

**भोपाल-** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सूरज की तपिश और लू के बढ़ते प्रकोप ने आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है. बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए भोपाल जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शुक्रवार को स्कूलों के समय में संशोधन का कड़ा आदेश जारी किया है. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है. भीषण गर्मी के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्या को मद्देनजर रखते हुए सुबह के विद्यालयों का समय जल्दी किया गया है. मध्य प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में गर्मी असर दिखा रही है.

भोपाल के कलेक्टर द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, भोपाल जिले के सभी स्कूल, चाहे वे नर्सरी हों या कक्षा 12वीं तक. अब केवल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ही संचालित हो सकेंगे. यह नियम जिले के सभी शासकीय, निजी, एमपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य सभी मान्यता प्राप्त संस्थानों पर समान रूप से लागू होगा.कलेक्टर कार्यालय के एक अधिकारी के अनुसार, राज्य भर में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है, जिससे दोपहर के समय स्कूल संचालित करना बच्चों के स्वास्थ्य के लिए असहनीय और जोखिम भरा हो गया है. इस संशोधित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को दोपहर की भीषण लू और पीक हीट घंटों से सुरक्षित रखना है. पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी ने सभी को त्रस्त कर दिया है. उष्माघात के खतरे को देखते हुए सरकारी अस्पतालों में उष्माघात कक्ष भी बनाया जा रहा है.

# बकुला माता को श्रीहरी ने बताई अपनी चिंता

**गतांक से जारी-**अपनी आँखें धीरे-धीरे खोल कर काम विकार मन में रहते हुए श्रीहरि ने इस रूप में कहा. 'हे जननी ! प्रेम से तुम पूछ रही हो. मैं बताऊँगा. सुनो. एक हाथी का पीछा करते हुए मैं पर्वत से उतर कर गया. वहाँ सामने एक पुष्प वन दिखाई दिया. उस वन में एक सुंदरी विद्युत्लता की तरह अत्यंत सुंदर लावण्ययुक्त सर्वलक्षण कलित सामने दिखाई दी. उस कांता के पैर कोमल कोंपल-पल्लव हैं. कटि सिंह जैसी है. जांघे केले के पेड़ के समान हैं. कमर गगन समान है. हस्त लाल कमल जैसे हैं. उसके स्तन सोने के कलश हैं. कंठ शंख जैसा है. सुंदर दर्पण जैसे गाल. चेहरा मानो शहद का कुँआँ जैसा है. दाँत जूही के फूल जैसे हैं. कान श्री लक्ष्मी जैसे हैं. नासिका तिल पुष्प जैसी है. उस ललितांगी की आंखें मीन जैसी हैं. भौहें सुंदर कलाओं से भरी हैं. मुख उसका चंद्र बिंब जैसा है. सर के बाल भ्रमर के पंख जैसे हैं. हे जननी! उस कामिन के सौंदर्य का वर्णन ब्रह्म भी नहीं कर सकते हैं. मैं कैसे बता सकता हूँ मेरे मन में वह बस गयी है. उसके साथ मेरा प्रियानुबंध बैठ गया है.

उससे विवाह करना चाहता हूँ. हे जननी ! अगर ऐसा नहीं होगा तो मैं सहन नहीं कर पाऊँगा. सर की चोट को ठीक करनेवाली तुझे छोड़कर जाने का कारण यही है. मुझे उसकी चिंता है. संतोष के साथ अगर मैं उसे प्राप्त नहीं कर सकता तो मैं सहन नहीं कर पाऊँगा. अब तुम ही शीघ्रता से उसे मेरे पास ले आओ. तब में संतोष के साथ यहीं रहूँगा. और किसी दूसरी जगह तुझे छोड़कर नहीं जाऊँगा.' इस रूप में हरि के कहने से तब वकुला मालिका ने हरि की ओर देखकर इस रूप में कहा. 'हे पुत्र ! तुमने जिस लतांगी को देखा है, उसका कुल, गोत्र सुनाओ. माता-पिता के विवेक और उसके विवेक के बारे में मुख्य रूप से जानने की जरूरत है. विवाह करने योग्य कन्या हो तो अवश्य विवाह करवा देंगे. उसका नाम क्या है? कहाँ रहती हैं? ठीक-ठीक बताओ. विवाह करवा दूंगी.' वकुला मालिका की इन बातों को सुनकर वासुदेव ने महा-मोह से इस रूप में कहा. 'हे जननी! उस क्रम को निश्चय ही सुनो. सूर्य वंशी आकाशराज ने संतान के न होने से महा पुत्रकामेष्टि यज्ञ किया. उस क्रम में भूमि को जोतने से भूमि के अंदर से एक पद्म प्राप्त हुआ. उस पद्म में एक बालिका को देखकर उसे महल में लाकर आकाशराज ने उसे पाला पोसा. उसका नाम पद्मावती है. अगर धरती पर मेरे साथ उसका विवाह ब्रह्म ने निश्चय किया है तो मैं जीवित रहूँगा. नहीं तो मैं यहाँ नहीं रह पाऊँगा. ऐसे में मुझे वैकुंठ पुर लौट जाना होगा. हे माँ! सुनो. वह कन्या लक्ष्मी के समान है. इसलिए जन्म जन्मांतर पुण्य से उसी पुरुष को प्राप्त होगी. बाकी लोगों को प्राप्त नहीं होगी. पूर्व पुण्य फल से उसके साथ मैं बात कर पाया. ऐसी सुंदरी को छोड़कर आ गया हूँ. मुझे अन्न जल कैसे अच्छा लगेगा? अगर ऐसी कन्या मुझे प्राप्त होगी तो मैं जीवित रहूँगा. नहीं तो जीवित नहीं रहूँगा. यह सत्य है. उस पद्मावती ने मेरा विरोध करते हुए मुझ पर अपनी सखियों को भेज कर पथराव करवाया है. उस पथराव से मेरा घोडा घायल होकर नीचे गिर गया. तब भागते हुए इस पर्वत पर चढ़कर मैंने अपने को बचा लिया. ब्रह्म ने ऐसी संदरी को बनाकर उसे कठोर बुद्धि दी है. उसने मुझे इतना कष्ट दिया है. मुझे चिंता दी है.ब्रह्म ने उस कांता को मेरे लिए बनाया है. इसलिए तम अब मेरी सहायता करके उस कन्या को प्राप्त करने का उपाय बताओ. ऐसा करेगी तो उसके माता-पिता के, सहोदरादि बंधुओं के साथ मेरे भक्त जन प्रह्लाद, नारदादि परम भागवोत्तमों को साथ भेजूंगा. अनेक तो. भू. हिरन्यादि दान देने से जितना पुण्य होगा उतना पुण्य मांगल्य धारण करानेवालों को मैं दूँगा. इसलिए तुम मुझसे पद्मावती के साथ? मांगल्य धारण कराओ.आगे इस रूप में कहा. 'उचित शुभ लग्न में उसके साथ मेरा विवाह कराने से तुम्हारे प्रति प्रीति बढ़ेगी. इसलिए शीघ्र ही विवाह कराओ.' हरि ने उत्साह से कहा.तब स्नेह से वकुला ने कहा कि इस बारे में निश्चित तौर पर प्रयास करेंगी. प्रभु की माया के चलते मां भी प्रभावित हुए बगैर नहीं रह सकी.

**शेष अगले अंक में**

## विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की भक्तिमय सेवा

## विश्वास वाले भक्तों को हर पल होता है तिरूपति में अनुभव

**कहते हैं कि श्रद्धा से विश्वास और विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है. कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा यहां प्रस्तुत कर रहे हैं. हर गुरूवार को विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की यह भक्तिमय सेवा प्रभु चरणों में अर्पित है. निर्मल मन से प्रभु गोविंदा की भक्ति करने पर इसका अनुभव आप भी कर सकते हैं.तिरूमल तिरूपति देवस्थानम तिरूपति द्वारा प्रकाशित मातृश्री तरिगोंड वेंगमांबा की श्री वेंकटाचल की महिला से साभार लिया जा रहा है.जय गोविंदा,जय गोविंदा, जय गोविंदा.**डिजिटल संस्करण

www.vidarbhswabhiman.com/9423426199




विदर्भ स्वाभिमान

संपादक : सुभाषचंद्र दुबे  प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती

मो. 9423426199/ 8855019189

राजपुरोहित

फोटो स्टुडीओ

वेडिंग फोटोग्राफी | इवेंट फोटोग्राफी

इन डोअर, आऊट डोअर फोटोग्राफी

HD व्हिडीओ शुटींग | इंस्टाग्राम रील

कॉफी मग प्रिंटींग | ड्रोन शुट

फोटो अलबम | मोबाईल प्रिंटींग



नया पत्ता : शितला माता मंदीर के सामने

शिलांगण रोड, अमरावती

संपर्क : 9028123251

# गौमाता के सम्मान में 18 को रक्तदान शिविर,भव्य प्रतिसाद




**विदर्भ स्वाभिमान, 15 अप्रैल**

**अमरावती-**भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत गो माता के सम्मान में अमरावती पुष्करणा ब्राह्मण समाज द्वारा 18 अप्रैल को रंगारी गली स्थित श्री जगदीश मंदिर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए ब्राह्मण संगठनों के साथ ही सर्वशाखीय ब्राह्मण समाज द्वारा प्रयास किया जा रहा है. पप्पू छांगानी के कुशल नेतृत्व में होने वाले शिविर में अधिकाधिक संख्या में नागरिकों से रक्तदान कर पुण्य की खान गौमाता के प्रति सम्मान जताने का आग्रह किया गया है. शिविर




को लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है.

शिविर का शुभारंभ गौ रक्त तुला एवं जन्मोत्सव संयोजक रमेश उर्फ पप्पू छंगाणी के हाथों किया जाएगा. इस आयोजन की तैयारी को लेकर प्रा. डॉ. महेंद्र छंगाणी के निवास पर संजय छंगाणी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे.यह रक्तदान शिविर स्व. रमेशचंद्र कल्ला, स्व. नरोत्तम व्यास, स्व. सतीशचंद्र व्यास एवं स्व. एडवोकेट सत्यनारायण (भानु) छंगाणी की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम के संयोजक शशि व्यास एवं सुनीता व्यास को नियुक्त किया गया है. समाज ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया है. रमेश उर्फ पप्पू छांगानी के कुशल नेतृत्व में विभिन्न शानदार उपक्रम चलने पर शुभकामनाएं.





## बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा मेलघाट

**विदर्भ स्वाभिमान,15 अप्रैल**

**धारणी-**आदिवासी बहुल मेलघाट क्षेत्र में गर्मी की शुरुआत में ही भीषण जल संकट पैदा हो गया है. करीब 300 गांवों में से लगभग 200 गांवों में पीने के पानी की गंभीर समस्या है, जिससे ग्रामीणों को दूर-दूर तक पैदल चलकर पानी लाना पड़ रहा है. दुर्गम क्षेत्रों में स्थिति और गंभीर है, जहां महिलाएं व बच्चे रोज कई किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हैं. कुएं और हैंडपंप सूख चुके हैं, जिससे दूषित पानी के उपयोग का खतरा बढ़ गया है.इस बीच जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद कई गांवों में पाइपलाइन, टंकियां और नल योजनाएं अधूरी हैं. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि कई जगह काम कागजों में पूरा दिखाकर फंड निकाला गया.

धारणी और चिखलदरा तालुकों में करीब 1000 करोड़ खर्च होने के दावों के बावजूद जल संकट जस का तस है, जिससे योजनाओं की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं.धारणी व चिखलदरा के दर्जनों गांवों में पानी की भारी किल्लत है. कुएं सूख चुके हैं और हैंडपंप बंद हैं, जिससे लोगों को रोजाना लंबी दूरी तय कर पेयजल की व्यवस्था करनी पड़ रही है.ग्रामीणों ने तत्काल टैंकर से पानी आपूर्ति, अधूरे कार्यों की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है.

# विकास के शिल्पकार, शिक्षा और कृषि के मार्गदर्शक

## विनम्र आदरांजली: बहुआयामी डॉ. देवीसिंहजी शेखावत जन्मदिन विशेष

जिले ही नहीं तो अमरावती के विकास के शिल्पकार बहुआयामी व्यक्तित्व डॉ.देवीसिंह शेखावत राज्य की शान रहे हैं. 19 अप्रैल 1934 को अमरावती की पावन भूमि पर जन्मे डॉ. देवीसिंह रामसिंह शेखावत का जन्मदिन आज 19 अप्रैल को हम गर्व के साथ मना रहे हैं. उनका जीवन केवल व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं था, बल्कि अमरावती और पूरे विदर्भ के सामाजिक, शैक्षणिक, कृषि एवं राजनीतिक विकास का प्रेरणादायक अध्याय रहा है.



**अमरावती को आधुनिक स्वरूप देने वाले प्रथम महापौर**-डॉ. शेखावत ने अमरावती के प्रथम महापौर के रूप में कार्य करते हुए शहर के भविष्य की सुव्यवस्थित योजना बनाई. आधारभूत सुविधाएँ, सड़कों का जाल, जल आपूर्ति और नियोजित विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा. अपर वर्धा परियोजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में उनकी सक्रिय भूमिका आज भी विदर्भ की कृषि को मजबूती प्रदान कर रही है.शिक्षा उनके जीवन का मूल आधार थी. विद्याभारती शैक्षणिक मंडल के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मजबूत व्यवस्था खड़ी की. संत गाडगेबाबा अमरावती विश्वविद्यालय की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा. ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने हेतु उन्होंने निरंतर प्रयास किए, जिसका लाभ आज हजारों विद्यार्थी उठा रहे हैं.स्वयं किसान परिवार में जन्मे डॉ. शेखावत को किसानों की समस्याएँ सदैव निकट से समझ में आती थीं. दुर्गापुर (बडनेरा) स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के परियोजना निदेशक के रूप में उन्होंने किसानों के लिए आधुनिक, अनुसंधान आधारित और व्यावहारिक योजनाएँ लागू कीं.1989 के नागपुर अधिवेशन में मोसीकॉल कामगारों के न्याय हेतु उन्होंने दृढ़ता से आवाज उठाई और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया. मोसीकॉल कारखाने के विस्तार के लिएगुजरात के आनंद में जाकर भारत की श्वेत क्रांति के जनक पद्मविभूषण डॉ. वर्गीस कुरियन से भेंट कर चर्चा की.पद के लिए नहीं, बल्कि जनहित के लिए राजनीति में आए थे.

**राष्ट्रपति प्रतिभाताई पाटील के सहचर**-भारत की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभाताई पाटील के जीवनसाथी के रूप में उन्होंने राष्ट्रपति भवन में रहते हुए भी अमरावती के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए. उनके प्रयासों से अमरावती को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली.

**बहुआयामी व्यक्तित्व**-डॉ. शेखावत ने विद्याभारती शैक्षणिक मंडल के संस्थापक अध्यक्ष, 1984 से 1989 तक विधायक, 1992 में अमरावती के प्रथम महापौर तथा अमरावती विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति और महाराष्ट्र शिक्षण संस्था महामंडल के अध्यक्ष के रूप में सफलतापूर्वक कार्य किया.एक साधारण किसान, उत्कृष्ट शिक्षाविद, कुशल प्रशासक, संवेदनशील समाजसेवी, दूरदर्शी नेता और स्नेही पति इन सभी भूमिकाओं को उन्होंने पूर्ण निष्ठा और निःस्वार्थ भाव से निभाया.

आज उनकी जयंती के अवसर पर हम केवल उनके कार्यों का स्मरण ही नहीं करते, बल्कि उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लेते हैं. उन्होंने दिखाया हुआ मार्ग निष्ठा, ईमानदारी और जनहित हमारी आगे की यात्रा का आधार बने.उनकी स्मृतियों का प्रकाश हर हृदय में प्रेरणा की ज्योति जलाता रहे, यही सच्ची श्रद्धांजलि है. अमरावती ही नहीं बल्कि समूचे भारत में अमरावती,विदर्भ तथा राज्य का नाम रोशन करने वाले बहुआयामी व्यक्तित्व स्व. डॉ. देवीसिंहजी शेखावत को जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि.उनकी दिव्य आत्मा को प्रभु चरणों में स्थान दें, यही कामना.

**संतोष देशमुख**
7020660534



# बढ़ती महंगाई ने सभी को किया हलकान,दिखावा करता है परेशान

## घर की खुशियां हो गई हैं दूर, कोई किसी को समझने तैयार नहीं कर्ता को नहीं आती है नींद, बचत वाला रवैया गायब

समझदारी के अभाव में गरीबों और मध्यमवर्गीयों की स्थिति अत्याधिक तनावपूर्ण हो रही है. परिवार समझने तैयार नहीं रहता है, निजी नौकरी वालों के वेतन की स्थिति सभी जानते हैं. ऐसे में खर्च कम होने की बजाय बढ़ता है, महंगाई की रफ्तार ने सभी जिम्मेदार लोगों को बेजार कर दिया है. परिवार की बढ़ती शानशौकत ने कर्ता महिला अथवा पुरूष को त्रस्त कर दिया है. खुशियां गायब हैं, दिखावे ने जीवन की खुशियां छीन ली हैं. पहले महिलाएं आय देखकर व्यय वाली मानसिकता में रहती थी लेकिन वर्तमान में खुशियों के साथी सभी हैं, दु:ख केवल घर के प्रमुख के हिस्से में आने वाली नौबत से बीमारियां बढ़ रही हैं. खुशी झोपड़ी में भी मिलने वाली भावना बदलती जा रही है. पेट को कम लगता है लेकिन शान-शौकत, मोबाइल, गाड़ी, महंगे कपड़े के अलावा शायनिंग पर खर्च से सभी परेशान हैं.

**निजी नौकरी वालों की मरण**

इन सभी में मध्यमवर्गीय तथा प्राइवेट नौकरी वाले की मरन हो रही है. महंगाई लगातार बढ़ रही है, जबकि आय उसी गति से नहीं बढ़ पा रही। नतीजा घर का बजट बिगड़ रहा है और लोगों में मानसिक तनाव तेजी से बढ़ रहा है. सबसे बड़ा कारण है रोजमर्रा की चीजों की बढ़ती कीमतें. राशन, गैस, पेट्रोल, बिजली, बच्चों की पढ़ाई और इलाज जैसे जरूरी खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं. मध्यमवर्ग और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए हर महीने खर्च संभालना मुश्किल होता जा रहा है. परिवार वाले भी समझने तैयार नहीं रहने की मानसिकता है. इस असंतुलन का सीधा असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है. आर्थिक चिंता, भविष्य की अनिश्चितता और जिम्मेदारियों का बोझ व्यक्ति को तनाव, चिंता और अवसाद की ओर ले जाता है. परिवारों में भी इसका असर आपसी तनाव, झगड़े और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है और अपनापन कम हो रहा है. बीमारी जैसी स्थिति आने पर कर्ता व्यक्ति के तनाव को उसके अलावा कोई नहीं समझ सकता है.

**बचाव के उपाय**-तकलीफ से बचने के लिए सबसे पहले, खर्चों की प्राथमिकता तय करना जरूरी है. अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण और बजट बनाकर चलना मददगार हो सकता है. बचत की आदत विकसित करना और छोटी-छोटी रकम भी नियमित रूप से जमा करना भविष्य के लिए सुरक्षा प्रदान करता है. साथ ही, आय बढ़ाने के वैकल्पिक स्रोत जैसे पार्ट-टाइम काम या कौशल विकास पर ध्यान देने के साथ परिवार का हर सदस्य आर्थिक योगदान देने का प्रयास हो सकता है. संतुलित जीवनशैली, समझदारी से खर्च और सकारात्मक सोच ही इस बढ़ते आर्थिक तनाव से बाहर निकलने का रास्ता दिखा सकती है. बढ़ता तनाव लोगों की जान का दुश्मन बनने तक पहुंच गया है, यह भविष्य के लिहाज से गंभीर है.महंगाई की बढ़ती स्थिति ने सभी की खुशियां छीन लीं, वहीं कई घरों में कर्ता को नहीं समझने के कारण परेशानी बढ़ रही है.

**विदर्भ स्वाभिमान डेस्क**




## गुरुवार १६-२२ अप्रैल २०२६ तक

**मेष**-इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह उम्मीद की नई रोशनी लाएगा. सप्ताह में कुछ अच्छी खबर मिलने वाली है. ऐसे में मेहनत तथा लगन के साथ प्रयास रखना जरूरी हो.कार्यक्षेत्र में आपके कुछ नया बदलाव दिखेगा जो आपको परेशान तो करेगा लेकिन बहुत कुछ सीखने का भी मौका देगा. आपको इस समय अवसर पर नजर बनाए रखने की जरूरत रहेगी. वैसे आपको जीवनसाथी से पूरा सहयोग मिलेगा.

**वृषभ**-राशि के लिए हफ्ता खुशनुमा रहेगा.सप्ताह में गाड़ी संभालकर चलाने के साथ ही आपके शब्दों से किसी को तकलीफ नहीं होना चाहिए. मिथुन में बृहस्पति रेट्रोग्रेड होने के कारण अपने फाइनेंस को ध्यान से रिव्यू कर सकेंगे वैसे इस हफ्ते आप चतुर बुद्धि का भी खूब प्रयोग करेंगे. घर-परिवार में खुशी के माहौल के लिए सभी योगदान देंगे.

**कर्क**-राशि के जातकों के लिए यह हफ्ता इमोशनल गहराई से शुरू हो रहा है. आपके राशि स्वामी मंगलदेव अभी कुंभ में हैं.आपके रिश्तों में दया और संवाद में नरमी आएगी. चंद्रदेव सिंह राशि में रहेंगे, जो आपके कॉन्फिडेंस और क्रिएटिविटी को बूस्ट करेंगे. चंद्रदेव तुला राशि में आने से पार्टनरशिप और इमोशनल बैलेंस पर फोकस बढ़ेगा.

**सिंह**-कर्क राशि के जातकों के लिए अप्रैल महीने का यह सप्ताह आरंभ में मानसिक उलझन भरा रहने वाला है. राशि स्वामी चंद्रमा सिंह राशि में केतु के साथ युति संबंध बनाएंगे. ऐसे में आपको जोखिम लेने से बचना चाहिए, चोट लगने की आशंका रहेगी और कुछ गलत निर्णय की वजह से मानसिक तनाव भी मिल सकता है.

**कन्या**-सिंह राशि के जातकों के लिए अप्रैल महीने का यह सप्ताह मिश्रित रहने वाला है. सप्ताह के पहले भाग में आपको अधिकारियों से वाद विवाद में उलझने से बचना होगा साथ ही आपको विरोधियों और शत्रुओं से भी सतर्क रहना होगा. सरकारी क्षेत्र का कोई काम फंसा है तो आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद से फायदा हो सकता है.

**तुला**-कन्या राशि के जातकों के लिए अप्रैल का पहला सप्ताह सामान्य रूप से अच्छा रहेगा. वैसे इस हफ्ते आपकी सफलता में आपकी चतुर बुद्धि का बड़ा हाथ होगा. आप परंपरा से हटकर कुछ नया आजमाने का प्रयास कर सकते हैं. इस हफ्ते के आरंभ में ही राशि स्वामी बुध राहु से युति बनाएंगे ऐसे में आप उन क्षेत्रों से भी लाभ का अवसर निकालने में कामयाब होंगे.स्पर्धा परीक्षा के साथ ही अन्य क्षेत्रों में सफलता का योग है.

**वृश्चिक**-तुला राशि के जातकों के लिए अप्रैल महीने का यह सप्ताह सुखद और अनुकूल रहेगा. आप सप्ताह के आरंभ से ही सक्रिय और सजग नजर आएंगे. आपको अपने अनुभव और कार्यकुशलता का लाभ मिलेगा. आपकी कोई अटकी योजना पूरी होगी. लव लाइफ में प्रेम और आपसी सामंजस्य बना रहेगा. कोई मित्र आपकी मदद भी कर सकता है. संतान सं संबंधित आपकी किसी चिंता का समाधान होगा.


**धनु**-इस सप्ताह शांति और संयम से सभी काम निपटाने का प्रयास करें. समझदारी और एक-दूसरे को समझने की मानसिकता से कई समस्याओं का समाधान होगा. गुस्से से बना बनाया काम बिगड़ सकता है. विनयशीलता और प्रेम से काम लेने का प्रयास करें. वाहनादि धीरे से चलाएं. परिवार में किसी के साथ मनमुटाव से बचें . आपका भाग्य चमक सकता है.

**मकर**-खुशी तथा सम्पन्नता के लिए माता-पिता की सेवा तथा उनका आशिर्वाद आपके जीवन को ऊंचाईयों पर ले जा सकता है. घर के बुजुर्गो के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. समय रहते कदम उठाना उचित रहेगा. अपनों से विवाद टालें. ठंड बढ़ने से स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा हो सकती है. संबंधों पर विशेष ध्यान दें.

**कुंभ**- अप्रैल महीने का यह सप्ताह लाभ का संयोग बना रहा है.आपको कुछ अप्रत्याशित लाभ भी प्राप्त होगा. नौकरी में आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा. सप्ताह के आरंभ में थोड़ी अधिक व्यस्तता रहेगी लेकिन सप्ताह मध्य का समय आपके लिए खुशियों वाला रहेगा.नाहक गुस्सा करने से बचना श्रेयस्कर होगा. समझदारी के साथ ही स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है.

**मीन**- अप्रैल महीने का यह सप्ताह लाभदायी है. कम मेहनत में भी आपको कामयाबी मिल सकती है. किसी को भी अपशब्द नहीं कहें और आपके शब्दों से किसी को कष्ठ नहीं हो, इसका ध्यान रखें . चंद्रदेव कन्या राशि में आने से पार्टनरशिप और रिश्ते हाइलाइट होंगे. घर-परिवार में मेहमानों का आगमन होगा और घर में खुशी का माहौल बना रहेगा. सभी को मिलकर प्रयास तथा साथ ही परिवार में खुशियां छायी रहेंगी, सभी ध्यान दें.

**ओम नमो भगवते वासुदेवाय**

# धौरहरा में 14 मई से श्रीमद् भागवत कथा

## पं.अवधनारायण शुक्ला सुनाएंगे कथा, दुबे परिवार का आयोजन,तैयारियां तेज





**विदर्भ स्वाभिमान,15 अप्रैल**

**पट्टी/धौरहरा-** पवित्र जगन्नाथ यात्रा पूरा करने के उपलक्ष्य में दलापांडे के धौरहरा निवासी तथा विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के साथ आगे बढ़ने वाले धार्मिक, सेवाभावी दुबे परिवार द्वारा मई महीने में गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा को लेकर समस्त ग्रामवासियों में उत्साह व्याप्त है.कथा को अभूतपूर्व बनाने के लिए दुबे परिवार की तीन पीढ़ियों द्वारा जी-जान से प्रयास किया जा रहा है. समस्त गांववासियों का भी सहयोग जहां मिल रहा है, वहीं कथा प्रवक्ता पंडित अवधनारायण शुक्ला की कथा सुनने का बेसब्री से इंतजार गांववासियों द्वारा भी किया जा रहा है. दुबे परिवार के अलावा ग्रामवासी भी इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दे रहे हैं. कथा के दौरान विभिन्न सामाजिक उपक्रमों का भी आयोजन किया गया है.

गांव ही नहीं तो तहसील पट्टी तथा जिले में सुसंस्कारी तथा संयुक्त परिवार के आदर्श परिवार के रूप में दुबे परिवार को पहचाना जाता है. विभिन्न क्षेत्रों में स्थान बनाने वाले शिवप्रसाद दुबे, राधेश्याम दुबे परिवार द्वारा गांववासियों को श्रद्धा तथा भक्तिभाव का मौका उपलब्ध कराया जा रहा है. दलापांडे का धौरहरा के दुबान में आगामी 14 मई से 21 मई तक श्रीमद् भागवत कथा होगी. इसमें सुख्यात विद्वान अवधनारायण शुक्ला उर्फ वियोगी महाराज भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे. कथा की शुरुवात 14 मई को महिलाओं की कलश यात्रा से होगा.धौरहरा में दुबान नामक क्षेत्र के रूप में सुख्यात क्षेत्र में धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 मई से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह सात दिवसीय कथा कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः से सायंकाल तक श्रद्धालुओं के लिए आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचक पं.अवधनारायण शुक्ला द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराया जाएगा.

गांव ही नहीं तो आसपास के विभिन्न गांवों के भक्तों से इसका लाभ लेने का आग्रह धौरहरा के साथ ही विभिन्नि शहरों में रहने वाले दुबे परिवार ने किया है. सफलतार्थ श्रीमती शिवपतीदेवी दुबे,शिवप्रसाद दुबे, राधेश्याम दुबे, राजेन्द्र प्रसाद दुबे, ज़गदीश दुबे, सुभाष दुबे, राजेश दुबे, सुनील दुबे, सर्वेश दुबे, सत्यप्रकाश दुबे सहित सभी दुबे परिवार के सदस्यों द्वारा प्रयास किया जा रहा है.सप्ताह भर तक गांव में श्रीमद् भागवत की कथा से पूरा क्षेत्र ही श्रीकृष्णमय होने वाला है.

**इनका आशिर्वाद-**

गांव ही नहीं तो शून्य से आज कामयाबी की मंजिल तक पहुंचने वाले दुबे परिवार को दादाजी स्व.पारसनाथजी दुबे,स्व.शिरताजी दुबे, पुत्र स्व.जमुनाप्रसादजी, परिवार के त्याग की मूर्ति स्व.गयाप्रसादजी, चाची स्व.द्रोपदीदेवी, स्व. निर्मलादेवी के पावन आशिर्वाद से यह श्रीमद् भागवत कथा होने जा रहा है. इसका नेतृत्व पंडित शिवप्रसाद दुबे, राधेश्यामजी दुबे के अलावा तीसरी पीढ़ी के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है. इसकी तैयारियां बड़े पैमाने पर हो रही हैं. सभी से लाभ लेने का आग्रह दुबे परिवार ने किया है.गांव ही नहीं तो आसपास के दर्जनों गांवों में आदर्श परिवार के रूप में दुबे परिवार का उल्लेख किया जाता है.क़्रथा के दौरान परिवार के सभी सदस्यों का हरसंभव योगदान मिल रहा है.



# अमरावती शहर भी तपा

**पेज 1 से जारी-** मौसम बदल सकता है, लेकिन फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के संकेत नहीं हैं.मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस समय देश के कई राज्यों में तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया जा रहा है. गर्मी का असर समय से पहले दिखाई देने लगा है और कई क्षेत्रों में हीट वेव जैसी स्थिति बन रही है. मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है. इसके अलावा कई राज्यों में तापमान सामान्य से 5 से 7 डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया जा रहा है.

**19 अप्रैल से 31 मई तक-**सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच कोई भी बाहर (विशेषकर खुले स्थानों पर) न निकलें. मौसम विभाग के अनुसार, तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से 55डि.से. तक बढ़ सकता है इस दौरान पृथ्वी पर लगभग 70 सीधी अल्ट्रावाइलेट किरणें पड़ेंगी.यदि किसी को सांस लेने में कठिनाई या अचानक अस्वस्थता महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें. कमरों में हवा के आवागमन के लिए खिड़की-दरवाजे खुले रखें मोबाइल का उपयोग कम करें, क्योंकि अत्यधिक गर्मी के कारण मोबाइल फटने का खतरा रहता है. सावधान रहें और यह जानकारी दूसरों तक पहुँचाएँ,दही, छाछ और नींबू पानी जैसे ठंडे पेय पदार्थों का अधिक सेवन करें.नागरिक सुरक्षा विभाग आगामी दिनों में तापमान 45 से 50 डिग्री तक बढ़ सकता है. कुछ क्षेत्रों में गर्म हवाएं (लू) चल सकती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो सकती है.

सुबह के इस समय कार से यात्रा करने से बचें,यात्रा के दौरान टायरों में हवा का दबाव बहुत अधिक न रखें,बिच्छू और सांप ठंडी जगहों की तलाश में घरों में घुस सकते हैं, इसलिए सतर्क रहें.खूब पानी और तरल पदार्थ पिएं,गैस सिलेंडर को धूप में न रखें,बिजली के मीटर पर अधिक लोड न डाले, एयर कंडीशनर का उपयोग केवल आवश्यक कमरों में ही करें, हर 2-3 घंटे के काम के बाद कम से कम 30 मिनट का विश्राम लें, जब बाहर का तापमान 45 46 डिग्री हो तो घर के एसी को 24 25 पर चलाएं, सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सीधी धूप से बचें.

# परतवाड़ा का अश्लील विडियो कांड

**पेज 1 से जारी-** बावजूद वह अपने दोस्तों और परिवार से पैसे उधार लेता था. पुलिस का कहना है कि वह इस पैसे का इस्तेमाल अपनी आलीशान और दिखावटी जीवनशैली को बनाए रखने के लिए करता था.परतवाड़ा के साथ ही इस घटना के तार नागपुर तक जुड़े हैं. नगर परिषद ने आरोपी के घर के अवैध हिस्से को यद्यपि बुल्डोजर से गिराकर वाहवाही लूटी और इस मामले में पुलिस पर दवाब बनाने का काम विधायक प्रवीण तायडे ने किया. भाजपा के प्रवक्ता शिवराय कुलकर्णी , सांसद डॉ. अनिल बों डे के साथ ही आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए महिला संगठन भी आगे आ रहे हैं.

आयान अहमद सोशल मीडिया के जरिए लड़कियों से संपर्क करता था और धीरे-धीरे उनसे दोस्ती बढ़ाता था. वह करीब चार से पांच महीने तक भरोसा जीतने की कोशिश करता था, ताकि सामने वाला उस पर पूरी तरह विश्वास कर ले. जब उसे लगता था कि भरोसा बन गया है, तो वह कथित तौर पर उनसे शारीरिक संबंध बनाने की मांग करता था या दबाव डालता था.

वह एमआईएम से जुड़ा था और इसके सोशल मंच का प्रमुख था. लेकिन चुनाव के दौरान पार्टी ने उसे निकाल दिया था. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आयान अहमद एक समय अमरावती यूनिट के सोशल मीडिया हैंडल को संभालता था, लेकिन बाद में उसे हटा दिया गया था. जिस तरह से मामले के तार जुड़ रहे हैं, ऐसे में उसके साथ कितने और साथी हैं, इसकी कड़ी कहां तक है और इसके पीछे का उद्देश्यक्या है, इसकी तह तक जाना जरूरी हो गया है. मामले के खिलाफ सर्वत्र महिलाओं का प्रदर्शन जारी है और आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की जा रही है. मामले में संस्कारों के साथ ही बेटियों पर भी ध्यान देने की जरूरत जताई जा रही है.

# शहर की सुरक्षा में तीसरी आंख निभाएगी भूमिका

## 499 स्थानों पर लगेगा एआई आधारित सीसीटीवी कैमरा,पुलिस को मिलेगी राहत

**विदर्भ स्वाभिमान, 15 अप्रैल**

**अमरावती-** अपराध के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे अमरावती शहर में सीसीटीवी के रूप में तीसरी आंख लगने वाली है. इस बारे में उच्चस्तर पर गंभीरता से प्रयास चल रहा है, ऐसा होने पर निश्चित तौर पर पुलिस का जहां काम थोड़ा आसान होगा, वहीं दूसरी ओर अस्तव्यस्त यातायात व्यवस्था, कहीं भी अतिक्रमण करने की प्रवृत्ति पर भी लगाम लगकर शहरवासियों को बड़ी राहत मिल सकती है.

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए अमरावती में अत्याधुनिक सीसीटीवी नेटवर्क स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है. इस योजना के तहत शहर में कुल 499 स्थानों पर एआई बेस्ड सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. पहले इस प्रोजेक्ट के लिए 141 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन हाल ही में मुंबई मंत्रालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक में इस योजना के लिए 110 करोड़ रुपए के निधि को मंजूरी दी गई है.

जानकारी के अनुसार, तत्कालीन पुलिस आयुक्त अरविंद चावरिया द्वारा प्रस्तुत इस प्रोजेक्ट में शहर के प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों को प्राथमिकता देने की योजना है. इसके अलावा पूरे नेटवर्क को संचालित करने के लिए एक सेंट्रल कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा, जहां से 24 घंटे निगरानी की जाएगी. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हाल ही में मंत्रालय में एक अहम बैठक हुई, जिसमें आईटी विभाग के प्रमुख विरेंद्रसिंह और गृहमंत्रालय की अतिरिक्त सचिव मनीषा म्हैसकर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. इस दौरान शहर में सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण और अपराध पर लगाम लगाने के उद्देश्य से आधुनिक तकनीक से लैस कैमरे लगाने पर विस्तृत चर्चा की गई.

बैठक में शहर में तीन नए पुलिस थानों के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई. साथ ही बेलोरा हवाई अड्डा क्षेत्र को ग्रामीण सीमा से हटाकर शहरी सीमा में शामिल करने की दिशा में भी पहल तेज करने के संकेत मिले हैं, जिससे भविष्य के विकास कार्यों को गति मिल सके.

इसके अलावा शहर और जिले में जारी तथा प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई. बैठक में आईटी पार्क, जलापूर्ति योजना, भूमिगत गटर प्रकल्प, राजकमल उड़ानपुल, टाउन हॉल, छत्री तालाब, मनपा इमारत, स्कूलों का विकास और हनुमानगढ़ी रोड जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर विस्तार से चर्चा हुई.शहर में 110 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सीसीटीवी नेटवर्क तैयार किया जा रहा है. इस प्रोजेक्ट के तहत करीब 499 स्थानों पर कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे पूरे शहर की 24 घंटे निगरानी संभव होगी. मुख्य चौराहों, प्रमुख सड़कों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों को प्राथमिकता दी गई है. इसके लिए सेंट्रल कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा, जहां से पुलिस हर गतिविधि पर नजर रख सकेगी. हालांकि सभी लोकेशन का विस्तृत सर्वे होने के बाद ही अंतिम स्पॉट तय किए जाएंगे और नए हॉटस्पॉट भी चुने जाएंगे.



# डॉ. सैमुअल फ्रेडरिक हैनिमैन जयंती,सत्कार समारोह रहा शानदार

## डॉ. श्रीरामजी धर्माले अवॉर्ड समारोह रहा शानदार,उपमहापौर सचिन भेंडे ने संगठन कामों को सराहा

**विदर्भ स्वाभिमान, 15 अप्रैल**

**अमरावती-** 12 अप्रैल, 2026 को, होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 271वीं जयंती और महाराष्ट्र होमियो डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित डॉ. श्रीरामजी धर्माले मेमोरियल अवॉर्ड और सम्मान समारोह होटल ग्रेस इन राजापेठ, अमरावती में शाम 6 बजे धूमधाम से मनाया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन अमरावती नगर निगम के नए चुने गए डिप्टी मेयर सचिन भेंडे ने किया और इसमें शामिल हुए. मंच पर डॉ. स्वाति लबडे-पडोले,सचिव डॉ. नंदकिशोर भूतड़ा, डॉ. अशोक उमाप, छ्र फोरम के प्रेसिडेंट डॉ. शशांक दुबे, लेडी विंग चेयरपर्सन डॉ. शीतल आचार्य, प्रोजेक्ट हेड और वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मनोज चौधरी, अमरावती नगर निगम के उपमहापौर सचिन भेंडे, डॉ. रंजन बेलसारे मौजूद थे. प्रोजेक्ट हेड डॉ. मनोज चौधरी ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट पेश की और डॉ. संदीप बुटे और डॉ. वैशाली टेंभे ने उनकी मदद की.

दीप जलाने के बाद, डॉ. सैमुअल हैनिमैन की तस्वीर की पूजा और माला पहनाकर जयंती मनाई गई. इसके साथ ही, अगले प्रोग्राम की शुरुआत आदरणीय डॉ. श्रीराम धर्माले की तस्वीर की पूजा करके की गई.डॉ. आशीष जी धर्माले ने अपने भाषण में कहा कि डॉ. हैनिमैन की जयंती पिछले 25 सालों से लगातार मनाई जा रही है और होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के लिए लेक्चर सीरीज़ आयोजित की जाती है और डॉ. श्री रामजी धर्माले का स्मृति समारोह भी मनाया जाता है.

अध्यक्षीय भाषण में डॉ. स्वाति पडोले ने संगठन के बारे में जानकारी दी. माननीय अमरावती ग.ऱ.द. डिप्टी मेयर




श्री. सचिनजी भेंडे

ने संगठन को भविष्य में तरक्की के लिए शुभकामनाएं दीं. मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद अमरावती ग.ऱ.द. डिप्टी मेयर श्री. सचिनजी भेंडे को संगठन की तरफ से शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया.सीनियर होम्योपैथ डॉ. इंदरलाल गेमनानी को मेडिकल और सोशल सर्विस के लिए दिए जाने वाले सम्माननीय डॉ. श्रीरामजी धर्माले मेमोरियल गुणगौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. होम्योपैथी में बेहतरीन काम करने वाले तख्तमल कॉलेज के स्टूडेंट्स कु. अंजलि जनबंधु और मोहम्मद अदनान को अवॉर्ड दिए गए.ऑर्गनाइज़ेशन के डायरेक्टर डॉ. संदीप बुटे ने लेक्चरर डॉ. रंजन बेलसारे का ऑडियंस से परिचय कराया और फिर उन्हें लेक्चर के लिए इनवाइट किया. डॉ. रंजन बेलसारे ने स्किन और होम्योपैथी पर एक सुंदर और जानकारी देने वाला लेक्चर दिया. डॉ. रंजन बेलसारे को ऑर्गेनाइज़ेशन की तरफ से शॉल, श्रीफल और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया.

ऑर्गनाइज़ेशन ने प्रोग्राम के मुख्य ऑर्गेनाइज़र डॉ. आशीषजी धर्माले, डॉ. अनूप विधले, डॉ. नेहा विधले - धर्माले, डॉ. शुभम निचल, डॉ. नीलांबरी निचल धर्माले के साथ खास सहयोग के लिए धर्माले परिवार को सम्मानित किया. आभार समाजसेवी तथा संगठन के सचिव डॉ. नंदकिशोर भूतड़ा ने व्यक्त करते हुए सहयोग देने वाले सभी की सराहना कर धन्यवाद दिया.प्रोग्राम को पूर्व प्रेसिडेंट डॉ. विवेक पिहुलकर और पूर्व लेडी विंग डॉ. शीतल चौधरी ने बहुत अच्छे से कोऑर्डिनेट किया.इस प्रोग्राम में ऑर्गनाइज़ेशन के सभी माननीय पूर्व प्रेसिडेंट, पूरी एग्जीक्यूटिव कमेटी, तालुका के रिप्रेजेंटेटिव और महिला डॉक्टर बड़ी संख्या में मौजूद थे.इस तरह की जानकारी संगठन की जनसंपर्क अधकिारी तथा सेवाभावी कामों में भी सदा अग्रणी रहने वाली डॉ. वैशाली टेंभे और को-पब्लिसिटी हेड डॉ. प्रज्ञा घाटोल ने मीडिया को दी.कार्यक्रम की सफलतार्थ संगठन के सभी सदस्यों ने प्रयास किया.

# डॉ. राजू डांगे को अहिल्यादेवी समाजभूषण पुरस्कार

**विदर्भ स्वाभिमान, 15 अप्रैल**

**अमरावती**-जिला ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के योग गुरू तथा सामाजिक सेवा कामों में सदा अग्रणी रहने वाले डॉ.राजू डांगे के उल्लेखनीय सेवा कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें अहिल्यादेवी समाजभूषण पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. इसके लिए उनकी सर्वत्र सराहना की जा रही है.

नाशिक के चांदवड में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी धनगर साहित्य सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षक डॉ. राजू डांगे को उनके सामाजिक व अंतरराष्ट्रीय योगदान के लिए पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी समाजभूषण राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह सम्मान विधायक गोपीचंद पडलकर, राज्यसभा सांसद रामराव वडकुते व कुलगुरु डॉ. प्रकाश महानवर के हाथों प्रदान किया गया.



अमरावती निवासी डॉ.राजू डांगे ने समाजसेवा, योग प्रशिक्षण और 7000 से अधिक व्याख्यानों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है. उनके कार्यों की व्यापक सराहना हो रही है.उनके उल्लेखनीय सामाजिक कामों को देखते हुए उन्हें उक्त पुरस्कार प्रदान कर नवाजा गया.




*गुणवत्ता* *विश्वसनीयता* *तत्पर सेवा*

**शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.**

**--संपर्क--**

**प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.**

**सन् 1967 पासून**

**अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट**

**संजय एजंसीज्**

**टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.फोन 2564125,2674048**

**वाढदिवसाच्या हार्दिक शुभेच्छा..!**



एड.प्रशांत देशपांडे

सुख्यात वकील,समाजसेवी तथा स्वीकृत पार्षद अमरावती महापालिका.

शुभेच्छुक

विदर्भ स्वाभिमान, भाजपा के सभी पदाधिकारी,
एड.प्रशांत देशपांडे मित्र परिवार, अमरावती

आचार, विचार, संस्कारों के साथ ही संयुक परिवार, मानवता और भारतीयता को समर्पित सर्वाधिक लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र के ग्राहक बनकर अच्छाई को बढ़ावा देने में अपना हाथ बंटाए, आज ही सदस्यता फार्म भरें. मानवता की सेवा तथा राष्ट्रधर्म को समर्पित तथा पूरी तरह से सकारात्मक खबरों को महत्व देने वाले विदर्भ स्वाभिमान को मदद तथा आपके विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं.

विदर्भ स्वाभिमान

**संपर्क**

9423426199/8855019189